कार्यालय, प्रधान मुख्य वन संरक्षक–सह–कार्यकारी निदेशक, बंजर भूमि विकास बोर्ड, झारखण्ड, राँची ।

वन भवन, डोरण्डा, राँची, झारखंड, पिन–834002, Email-pccf-ednodal@gov.in

पत्रांक :– 1463 राँची, दिनांक :– 06/12/2021

सेवा में,

क्षेत्रीय मुख्य वन संरक्षक, हजारीबाग।
वन संरक्षक, प्रादेशिक अंचल, चतरा।
वन प्रमंडल पदाधिकारी,
चतरा दक्षिणी वन प्रमंडल, चतरा।

विषय :– **मेसर्स सी0सी0एल0 की आम्रपाली खुली खदान परियोजना फेज–II हेतु 431.59 हे0 वनभूमि अपयोजन प्रस्ताव के संबंध में।**

प्रसंग :– **1. इस कार्यालय का पत्रांक 1411 दिनांक 26.11.2021**

2. वन संरक्षक, प्रादेशिक अंचल, चतरा का पत्रांक 1182 दिनांक 27.10.2021

महाशय,

उपर्युक्त विषयक संदर्भ में सूचित करना है कि मेसर्स सी0सी0एल0 की आम्रपाली खुली खदान परियोजना फेज–II हेतु 431.59 हे0 वनभूमि अपयोजन प्रस्ताव में प्रयोक्ता अभिकरण द्वारा दिनांक 02.12.2021 को अधोहस्ताक्षरी के कक्ष में Presentation दिया गया, जिसमें निम्नलिखित पदाधिकारी उपस्थित थे :–

1. श्री जे0 पी0 केसरी, भा0व0से0, क्षेत्रीय मुख्य वन संरक्षक, हजारीबाग।
2. श्री सुरेन्द्र प्रसाद सुमन, भा0व0से0, वन प्रमंडल पदाधिकारी, चतरा दक्षिणी वन प्रमंडल।
3. श्री पी0 एन0 यादव, प्रोजेक्ट ऑफिसर, सी0सी0एल0, आम्रपाली परियोजना।
4. श्री मनीष सिन्हा, Area Environment Officer
5. श्री ओम प्रकाश राजन, Dy. Manager, CCL
6. Ms. रबिया नबिया, Dy. Manager, CCL

परियोजना की विस्तृत समीक्षा की गई। पूर्व में इस परियोजना में वनभूमि का अपयोजन हुआ है, परन्तु समर्पित KML file में उसकी कोई सूचना अंकित नहीं है। निम्नलिखित बिन्दुओं पर प्रस्ताव में निराकरण अपेक्षित है :–

1. पूर्व में आम्रपाली परियोजना हेतु अपयोजित वनभूमि का रकबा, अपयोजित वनभूमि की KML file.
2. आम्रपाली परियोजना की पूर्ण KML file, समर्पित file का Polygon close नहीं है।
3. अपयोजन हेतु प्रस्तावित वनभूमि 12 Patch में है। Patch no. 1 एवं 2 के बीच में Forest area छुटा हुआ है। उसको शामिल नहीं करने का औचित्य स्पष्ट किया जाय।

4. अपयोजन हेतु प्रस्तावित वनभूमि की KML files को अलग–अलग रंग में दर्शाया जाय। ताकि Project boundary की KML, पूर्व में अपयोजित वनभूमि की KML तथा प्रस्तावित वनभूमि की KML files को Superimpose करने पर field की स्थिति पूर्णतयः स्पष्ट हो।
5. परियोजना में पड़ने वाली कुल भूमि, सन्नहित अधिसूचित वनभूमि / Deemed Forest/Raiyati/GM Land को अंकित करते हुये पूर्व में अपयोजित भूमि तथा प्रस्तावित भूमि का एक Chart प्रस्तुत किया जाय, ताकि स्थिति स्पष्ट हो सके।
6. परियोजना में अपयोजित के लिये प्रस्तावित वनभूमि में एक सड़क स्पष्ट है। समीक्षा में बताया कि होन्हे से सरादु रोड के लिए 13.7 हे0 वनभूमि अपयोजन प्रस्ताव समर्पित है। उस प्रस्ताव में इस सड़क को शामिल किया गया है। स्थिति स्पष्ट की जाय।
7. क्षतिपूरक वनरोपण हेतु चयनित वनभूमि में घनत्व अधिक दिखाई पड़ रहा है समीक्षा में बताया गया कि Gross Area एवं Net area में अंतर है। Net Area वांछित Area के बराबर है। सभी selected patches के Gross Area एवं Net area को स्पष्ट किया जाय तथा suitability certificate अपेक्षित है। CA Land का area स्पष्ट नहीं है। CA land का Tabular Format में उपयोगिता प्रमाण पत्र अपेक्षित है।

अतः अनुरोध है कि उपरोक्त बिन्दुओं पर सूचनायें / अभिलेख Upload करते हुए वांछित प्रतिवेदन यथाशीघ्र उपलब्ध कराने की कृपा की जाय ताकि अग्रतर कार्रवाई की जा सके।

~~अनु0–यथोक्त।~~

विश्वासभाजन,

6/12

प्रधान मुख्य वन संरक्षक–सह–कार्यकारी निदेशक,
बंजर भूमि विकास बोर्ड, झारखण्ड, राँची।

6-12

कार्यालय – वन संरक्षक, प्रादेशिक अंचल, चतरा।

ज्ञापांक – 1328 दिनांक– 09/12/2021

प्रतिलिपि – वन प्रमण्डल पदाधिकारी, चतरा दक्षिणी वन प्रमण्डल को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित। अनुरोध है कि उपरोक्त बिन्दुओं से संबंधित सूचनाएँ / अभिलेख अपलोड करते हुए वांछित प्रतिवेदन अविलम्ब उपलब्ध कराने की कृपा की जाय, ताकि अग्रेतर कार्रवाई किया जा सके।

09.12.21

वन संरक्षक,
प्रादेशिक अंचल, चतरा।

09/12/2021

E:\ANUJ\Nitish\Amrapali Project\Amrapali DCP 431.59 ha..docx